Sl. No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

**E-पर्यावरण अध्ययन**

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-1
# कक्षा - 5
# पर्यावरण अध्ययन

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**


1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्न निर्धारित दक्षता/अधिगम क्षेत्र पर आधारित हैं।
3. सभी प्रश्नों के सम्मुख उनके अंकभार अंकित हैं।
4. प्रश्न पत्र 8 खण्डों में विभाजित है। सभी खण्ड हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न का हल/उत्तर मूल्यांकन पत्रक में निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

**• अवलोकन एवं दर्ज करना** **अंक : 8**

1. गुलाब को उगाने के लिए उसकी जड़ को मिट्टी में दबाया जाता है, वैसे ही पत्थरचट्टा को उगाने के लिए पौधे के किस भाग का प्रयोग होगा– 2

   (अ) जड़ (ब) तना (स) पत्ती (द) फूल ( )

2. यदि आपको बाहर पढ़ने जाना पड़े तो आप क्या-क्या वस्तुएँ लेकर जाएँगे? किन्हीं तीन वस्तुओं के नाम लिखिए। 1+1+1 = 3
3. दिए गए मानचित्र में सीकर के तीन पड़ोसी जिलों को छायांकित कीजिए– 1+1+1 = 3




**• सम्प्रेषण (अभिव्यक्ति/चर्चा)** **अंक : 9**


4. झीलों/तालाबों का पानी किन-किन कारणों से दूषित होता है? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1=3
5. खाने की उन तीन वस्तुओं के नाम लिखिए जो संरक्षित न करने पर एक-दो दिन में खराब होने लगती हैं। 1+1+1=3
6. जिनके पास खुद का घर नहीं होता, वे क्या करते हैं? इनके किन्हीं तीन क्रियाकलापों को लिखें। 1+1+1=3



Scanned by CamScanner

## ● वर्गीकरण
अंक : 21

7. कुछ जन्तु दिन में उड़ते हैं और कुछ रात में। इनमें से कौन-सा जीव रात में भी आसानी से उड़ सकता है? 2
(अ) कौआ (ब) चिड़िया (स) चमगादड़ (द) मोर ( )
8. आजकल खेती में काम आने वाली किन्हीं तीन मशीनों के नाम लिखिए। 1+1+1=3
9. ब्रेल लिपि में PERMANENT को निम्नलिखित रूप में लिखा जाता है तो इसी के अनुरूप MANER को ब्रेल लिपि में लिखिए। 5




10. निम्नलिखित वस्तुओं को उनके पानी में तैरने वाली व पानी में घुलने वाली वस्तुओं के आधार पर तालिका में भरिए– 1+1+1+1+1=5
चीनी, पेन, बूरा, लकड़ी, नमक, अखबार, फिटकरी, फूल, सोड़ा, प्लास्टिक की बोतल
11. पेट्रोल, डीजल व कोयला की बचत करने के प्रत्येक के किन्हीं तीन-तीन तरीकों को लिखिए। 2+2+2=6

## ● व्याख्या/विश्लेषण
अंक : 16


12. घर/चबूतरों/आँगन में बैठकर खेले जाना वाला खेल है– 2
(अ) मारदड़ी (ब) चौपड़ (स) कबड्डी (द) वॉलीवॉल। ( )
13. डेंगू रोग निम्नलिखित में किसके कारण होता है– 2
(अ) मादा एनाफिलीज मच्छर (ब) नर एनाफिलीज मच्छर
(स) एडीज मच्छर (द) ये सभी। ( )
14. 26 जनवरी 2001 को भूकम्प आया था– 2
(अ) गुजरात के कच्छ में (ब) राजस्थान के राजसमंद में
(स) हरियाणा के हिसार में (द) उत्तराखण्ड के नैनीताल में ( )
15. सिंचाई करते समय पानी का अपव्यय कैसे रोका जा सकता है? 5
16. पाचन तन्त्र का नामांकित चित्र बनाइए। पाचन तंत्र के प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं? 2½+2½=5

## ● प्रश्न करना
अंक : 5

17. पशुओं को पालने के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारी करनी पड़ती है। आपका कोई परिचित पशुपालन की तैयारी में है। इसके सम्बन्ध में उससे जानकारी प्राप्त करने हेतु पाँच प्रश्नों का निर्माण कीजिए। 5

## ● प्रयोग करना
अंक : 5

18. दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि आप चन्द्रमा की आकृति के अनुसार कौन-कौन से त्योहार, पर्व, उत्सव एवं मेला आदि मनाते हैं? 5



## ● न्याय व समता के प्रति सरोकार
अंक : 8

19. चौराहे पर लाल बत्ती संकेत है– 2
(अ) जाने का (ब) रुकने का (स) बायीं ओर मुड़ने का (द) दायीं ओर मुड़ने का ( )
20. मदन मोहन मालवीय जी के कार्य में किन तीन व्यक्तियों ने सहयोग किया? उनके नाम लिखिए। 1+1+1=3
21. नशा करके गाड़ी क्यों नहीं चलानी चाहिए? कोई तीन कारण लिखिए। 1+1+1=3

## ● एक दूसरे के कार्यों का सम्मान करना एवं गुणों की प्रशंसा करना
अंक : 8

22. विजय स्तंभ का निर्माण कराया था– 2
(अ) महाराणा कुंभा ने (ब) महाराणा उदयसिंह ने (स) महाराणा प्रताप ने (द) महाराजा जयसिंह ने ( )
23. खुला शौच मुक्त गाँव से आपका क्या आशय है? 6



Scanned by CamScanner

SI. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

**E-पर्यावरण अध्ययन**

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-2
# कक्षा – 5
# पर्यावरण अध्ययन

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्न निर्धारित दक्षता/अधिगम क्षेत्र पर आधारित हैं।
3. सभी प्रश्नों के सम्मुख उनके अंकभार अंकित हैं।
4. प्रश्न पत्र 8 खण्डों में विभाजित है। सभी खण्ड हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न का हल/उत्तर मूल्यांकन पत्रक में निर्धारित स्थान पर ही लिखें।


**● अवलोकन एवं दर्ज करना** अंक : 8

**1.** निम्नलिखित में कौन-सा जड़ का भाग है? 2

(अ) मिर्च (ब) मूली (स) धनिया (द) सौंफ ( )

**2.** आपका कोई मित्र विद्यालय के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है? उसे क्या-क्या काम स्वयं करने पड़ते होंगे? किन्हीं तीन कामों को लिखिए। 1+1+1 = 3

**3.** दिए गए मानचित्र में भीलवाड़ा के तीन पड़ोसी जिलों को छायांकित कीजिए– 1+1+1 = 3




**● सम्प्रेषण (अभिव्यक्ति/चर्चा)** अंक : 9

**4.** बावड़ियों का पानी गन्दा न हो इसके लिए तीन उपाय लिखिए। 1+1+1=3

**5.** शादी-समारोह आदि के अवसर पर खाने की बर्बादी को रोकने के लिए कोई तीन उपाय लिखिए। 1+1+1=3

**6.** मकान के निर्माण में आपके क्षेत्र में मिलने वाली और आपके क्षेत्र में न मिलने वाली तीन-तीन वस्तुओं के नाम लिखिए। 1+1+1=3




Scanned by CamScanner

**● वर्गीकरण** **अंक : 21**

7. मेढ़कों के बरसात में अधिक दिखायी देने का कारण है— 2
(अ) पानी में खेलना (ब) पानी में नहाना (स) पानी में अण्डे देना (द) पानी को शुद्ध करना। ( )

8. अनाज को सुरक्षित रखने के कोई तीन उपाय लिखिए। 1+1+1=3

9. ब्रेल लिपि में TEMPRATURE को निम्नलिखित रूप में लिखा जाता है तो इसी अनुरूप PRAME को ब्रेल लिपि में लिखिए— 5




10. निम्नलिखित वस्तुओं को पानी में डूबने वाली व पानी में घुलने वाली वस्तुओं के आधार पर तालिका में भरिए— 1+1+1+1+1=5
आलपिन, साबुन, ताला, सर्फ, चाबी, नील, ईंट, ग्लूकोज, पत्थर का टुकड़ा, नींबू का रस

11. डीजल ईंधन से चलने वाली किन्हीं छः मशीनों के नाम लिखिए। 2+2+2=6

**● व्याख्या/विश्लेषण** **अंक : 16**

12. निम्नलिखित खेल एवं उनके खिलाड़ियों के सही युग्म को छाँटिए— 2
(अ) मुक्केबाजी - लिम्बाराम (ब) तीरंदाजी - मेरिकोम
(स) तैराकी - भक्ति शर्मा (स) क्रिकेट - विश्वनाथ आनंद

13. मलेरिया रोग का लक्षण है— 2
(अ) तेज ठण्ड लगना (ब) तेज बुखार आना (स) उल्टियाँ होना (द) ये सभी। ( )

14. सूखा पड़ने के कारण— 2
(अ) फसलें सूख जाती हैं (ब) अनाज का उत्पादन कम हो जाता है
(स) भूमिगत जलस्तर कम हो जाता है (द) उपर्युक्त सभी। ( )

15. दिए गए चित्र को देखकर रहट सिंचाई प्रक्रिया के पाँच चरण लिखिए। 1+1+1+1+1=5



16. आपके मित्र के शरीर में आयरन की कमी हो गई है। इस कमी को पूरा करने के लिए आप उसे क्या सुझाव देंगे? लिखिए। 5

**● प्रश्न करना** **अंक : 5**

17. अनाज को वर्षभर सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न उपायों की आवश्यकता होती है। इन उपायों से सम्बन्धित पाँच प्रश्नों का निर्माण कीजिए। 5

**● प्रयोग करना** **अंक : 5**

18. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 5
1. अंतरिक्ष यात्रियों ने क्या पहन रखा है?
2. क्या हम अंतरिक्ष में जा सकते हैं?
3. अंतरिक्ष में हम कैसे जा सकते हैं?



**● न्याय व समता के प्रति सरोकार** **अंक : 8**

19. गाड़ियों से निकलने वाला धुआँ कारण बनता है— 2
(अ) जल प्रदूषण का (ब) वायु प्रदूषण का (स) ध्वनि प्रदूषण का (द) मृदा प्रदूषण का। ( )

20. महापुरुष डॉ. भीमराव आम्बेडकर के तीन गुणों को लिखिए। 1+1+1=3

21. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता के लिए हमें क्या करना चाहिए? (कोई तीन कार्य लिखें) 1+1+1=3

**● एक दूसरे के कार्यों का सम्मान करना एवं गुणों की प्रशंसा करना** **अंक : 8**

22. महारानी पद्मिनी ने जौहर किया था— 2
(अ) सन् 1304 में (ब) सन् 1203 में (स) सन् 1302 में (द) सन् 1303 में ( )

23. आपको विद्यालय में स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी दी गई है। विद्यालय की सफाई की एक कार्य-योजना बनाइए। 6



Scanned by CamScanner

SI. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

E-पर्यावरण अध्ययन

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-3
# कक्षा – 5
# पर्यावरण अध्ययन


समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्न निर्धारित दक्षता/अधिगम क्षेत्र पर आधारित हैं।
3. सभी प्रश्नों के सम्मुख उनके अंकभार अंकित हैं।
4. प्रश्न पत्र 8 खण्डों में विभाजित है। सभी खण्ड हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न का हल/उत्तर मूल्यांकन पत्रक में निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

**• अवलोकन एवं दर्ज करना** अंक : 8

1. आलू तने से उगता है। इसी प्रकार मनीप्लाण्ट उगता है– 2
   (अ) पत्ती से (ब) शीर्ष से (स) तने से (द) जड़ से ( )
2. घर से दूसरे स्थान पर जाने पर क्या परेशानियाँ उठानी पड़ती हैं? किन्हीं तीन को लिखें। 1+1+1 = 3
3. दिए गए मानचित्र में दौसा ज़िले के तीन पड़ोसी ज़िलों को अंकित करें – 1+1+1 = 3




**• सम्प्रेषण (अभिव्यक्ति/चर्चा)** अंक : 9

4. जल प्रदूषण रोकने के कोई तीन उपाय लिखिए। 1+1+1=3
5. खाने की उन तीन वस्तुओं का नाम लिखिए जो साल भर में भी खराब नहीं होतीं। 1+1+1=3
6. शहर में बहुमंजिला मकान बनाने के तीन कारण लिखिए। 1+1+1=3




Scanned by CamScanner

## ● वर्गीकरण
अंक : 21

7. अण्डों की देखभाल करने का कार्य करती है– 2
(अ) रानी चींटी (ब) सैनिक चींटी (स) श्रमिक चींटी (द) ये सभी। ( )

8. खेती में प्रयोग किए जाने वाली किन्हीं तीन खादों के नाम लिखिए। 1+1+1=3

9. ब्रेल लिपि में ORNAMENT को निम्नलिखित रूप में लिखा जाता है तो इसी अनुरूप NOMEN को ब्रेल लिपि में लिखिए। 5




10. निम्नलिखित वस्तुओं को पानी में तैरने वाली व पानी में डूबने वाली वस्तुओं के आधार पर तालिका में भरिए– 1+1+1+1+1=5
वृक्षों की पत्तियाँ, चिमटा, प्लास्टिक के खिलौने, आलू, नाव, काँच के टुकड़े, स्पंज, लोहे के टुकड़े, गुब्बारा, मोबाइल फोन

11. कोयला, पेट्रोल एवं डीजल आदि ईंधनों के उपयोगों की सूची बनाइए। 2+2+2=6

## ● व्याख्या/विश्लेषण
अंक : 16

12. निम्नलिखित में से आउटडोर गेम है– 2
(अ) शतरंज (ब) विलियर्डस (स) टेबिल टेनिस (द) बैडमिंटन ( )

13. जीभ और होंठ सूखना लक्षण है– 2
(अ) टी. बी. के (ब) पोलियो के (स) एनीमिया के (द) मलेरिया के। ( )

14. आग लगने की स्थिति में हमें क्या करना चाहिए– 2
(अ) फायर ब्रिगेड को फोन करना चाहिए (ब) जल एवं बालू की सहायता से आग पर काबू पाना चाहिए
(स) आस-पास के लोगों से मदद लेनी चाहिए (द) उपर्युक्त सभी। ( )

15. दिए गए चित्र को देखकर कुएँ से जल निकालने के प्रक्रिया के पाँच चरण लिखिए। 1+1+1+1+1=5



16. भोजन में हमें कौन-कौन सी खाद्य सामग्री खानी चाहिए? खाद्य पिरामिड द्वारा बताइए। 5

## ● प्रश्न करना
अंक : 5

17. आपके आस-पास खेती होती है। इसमें खाद, बीज, सिंचाई आदि की आवश्यकता होती है। इससे सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने के लिए पाँच प्रश्न लिखिए। 5

## ● प्रयोग करना
अंक : 5

18. रात्रि के समय हमें आकाश में क्या-क्या दिखाई देता है? लिखिए। पूर्णिमा की रात्रि के चन्द्रमा का चित्र बनाइए। 5

## ● न्याय व समता के प्रति सरोकार
अंक : 8

19. चार पहिया वाहन चलाते समय निम्नलिखित में क्या ध्यान रखना चाहिए– 2
(अ) सीट बेल्ट बाँधनी चाहिए (ब) शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए
(स) गलत तरीके से ओवरटेक नहीं करना चाहिए (द) उपर्युक्त सभी। ( )

20. महापुरुष शिवाजी के उन तीन गुणों को लिखिए जिन्हें आप अपने जीवन में अपनाना चाहते हैं। 1+1+1=3

21. सड़क पर पैदल चलते समय तीन सावधानियाँ लिखिए। 1+1+1=3

## ● एक दूसरे के कार्यों का सम्मान करना एवं गुणों की प्रशंसा करना
अंक : 8

22. लोहागढ़ का किला स्थित है– 2
(अ) भरतपुर में (ब) जयपुर में (स) राजसमन्द में (द) जैसलमेर में ( )

23. स्वच्छ भारत अभियान पर अपने विचार लिखिए। 6



Scanned by CamScanner

SI. No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

**E-पर्यावरण अध्ययन**

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-4
# कक्षा - 5
# पर्यावरण अध्ययन


समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्न निर्धारित दक्षता/अधिगम क्षेत्र पर आधारित हैं।
3. सभी प्रश्नों के सम्मुख उनके अंकभार अंकित हैं।
4. प्रश्न पत्र 8 खण्डों में विभाजित है। सभी खण्ड हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न का हल/उत्तर मूल्यांकन पत्रक में निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

**● अवलोकन एवं दर्ज करना** अंक : 8

1. 'कलम' द्वारा उन्नत प्रजाति के पौधे तैयार किए जाते हैं। इसके लिए आवश्यक है– 2
   (अ) कम से कम दो पौधे (ब) एक पौधे की दो शाखाएँ
   (स) दो पौधे की पत्तियाँ (द) एक पौधे के तने के दो हिस्से ( )
2. शहर में रहने वाले ऐसे लोग जिनके पास स्वयं का घर नहीं है, उनकी तीन समस्याएँ लिखिए। 1+1+1 = 3
3. दिए गए मानचित्र में बाड़मेर जिले के तीन पड़ोसी जिलों को अंकित करें – 1+1+1 = 3




**● सम्प्रेषण (अभिव्यक्ति/चर्चा)** अंक : 9

4. गन्दा पानी एक जगह इकट्ठा क्यों नहीं होने देना चाहिए। कोई तीन कारण लिखिए। 1+1+1=3
5. खाने की उन तीन वस्तुओं का नाम लिखिए, जो महीने भर में खराब होने लगेंगी। 1+1+1=3
6. मकान के निर्माण में प्रयोग की जाने वाली किन्हीं छः वस्तुओं के नाम लिखिए। 3




Scanned by CamScanner

## • वर्गीकरण   अंक : 21

7. चींटियों के एक लाइन में चलने का कारण है– 2
(अ) चलते समय एक पदार्थ छोड़ना
(ब) आगे चलने वाली चींटी की नकल करना
(स) लाइन में चलने का अभ्यास होना
(द) बातचीत करके आगे बढ़ना। ( )

8. फसलों को बीमारी से बचाने वाली किन्हीं तीन दवाओं के नाम लिखिए। 1+1+1=3

9. ब्रेल लिपि में NEMPERT को निम्नलिखित रूप में लिखा जाता है तो इसी अनुरूप MERER को ब्रेल लिपि में लिखिए। 5




10. निम्नलिखित वस्तुओं में पानी में तैरने वाली व पानी में डूबने वाली वस्तुओं के आधार पर तालिका में भरिए– 5
पत्थर, काँच का टुकड़ा, लकड़ी का टुकड़ा, पंख, कागज, चूड़ी, चॉक, पैंसिल, पत्ता।

11. पेट्रोल एवं डीजल बचाने के छः उपाय लिखिए। 6

## • व्याख्या/विश्लेषण   अंक : 16

12. निम्नलिखित में से इनडोर गेम है– 2
(अ) तीरंदाजी (ब) शतरंज (स) कबड्डी (द) हॉकी। ( )

13. 'मूत्र पीला आना' किसका लक्षण है– 2
(अ) अतिसार (ब) कैंसर (स) टी. बी. (द) पीलिया। ( )

14. भूकम्प आने पर क्या करना चाहिए– 2
(अ) घर के बाहर खुले में निकल जाना चाहिए
(ब) मजबूत टेबल के नीचे कम्पन रुकने तक बैठे रहना चाहिए
(स) पशुओं को खोल देना चाहिए
(द) उपर्युक्त सभी। ( )

15. अधिक पानी वाली तथा कम पानी वाली फसलों के नाम लिखिए। 1+1+1+1+1=5

16. भोजन के पचने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 5

## • प्रश्न करना   अंक : 5

17. गौ-पालन से अनेक लाभ होते हैं। गाय के रख-रखाव, खान-पान, स्वास्थ्य आदि से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने के लिए पाँच प्रश्नों का निर्माण कीजिए। 5

## • प्रयोग करना   अंक : 5

18. पर्वतारोहण के विभिन्न चरणों को लिखिए। 5

## • न्याय व समता के प्रति सरोकार   अंक : 8

19. सड़क पर चलते समय जिस बात का ध्यान रखना चाहिए, वह है– 2
(अ) हमेशा बायीं ओर चलना चाहिए
(ब) सड़क पर नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए
(स) ओवरटेक हमेशा आगे वाले के दायीं तरफ से करना चाहिए
(द) उपर्युक्त सभी। ( )

20. होमी जहाँगीर भाभा से सीखने वाली तीन महत्वपूर्ण बातें लिखिए। 1+1+1=3

21. सड़क के पास विद्यालय स्थित हो तो उसके सामने से निकलने पर रखी जाने वाली तीन सावधानियों के बारे में लिखिए। 1+1+1=3

## • एक दूसरे के कार्यों का सम्मान करना एवं गुणों की प्रशंसा करना   अंक : 8

22. जयगढ़ किला स्थित है– 2
(अ) भरतपुर (ब) राजसमंद (स) जैसलमेर (द) जयपुर ( )

23. हमारे शरीर व घर की स्वच्छता नहीं होगी तो हमारे जीवन पर क्या प्रभाव होगा? 6

••



Scanned by CamScanner